**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## सड़क सुरक्षा अभियान पर गृह विज्ञान महाविद्यालय के स्वयंसेवकों द्वारा रैली का आयोजन

पन्तनगर। 7 मई 2023। विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय के द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के एन.एस.एस. स्वयंसेवकों द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान विषय पर एक–दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत स्वयंसेवकों द्वारा गृहविज्ञान महाविद्यालय से फूलबाग यूनिवर्सिटी गेट तक रैली निकाली गयी एवं नारे लगाकर जन समुदाय को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। एन.एस.एस. के स्वयंसेवकों द्वारा वाहन चालकों को वाहन चलाते समय ध्यान में रखने योग्य नियमों से अवगत कराया गया। छात्र–छात्राओं ने वाहन चालकों को वाहन चलाते समय सीटबेल्ट, हेलमेट आदि का प्रयोग करने की सलाह दी एवं यात्रा करते समय नियंत्रित गति से वाहन चलाने एवं क्षमता से अधिक यात्री न बैठाने की अपील की। इस कार्यक्रम का आयोजन डा. सोनू रानी, राष्ट्रीय सेवा योजना, कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में किया गया जिसमें भावना बसेड़ा, शाम्भवी झा, सूर्य प्रकाश जोशी, नमन जोशी तथा अन्य छात्र–छात्रायें उपस्थित रहें।




THANKS FOR YOUR VISIT
G. B. PANT UNIVERSITY OF AGRICULTURE & TECHNOLOGY, PANTNAGAR
HDFC BANK
राष्ट्रीय सेवा योजना
गृह विज्ञान महाविद्यालय
गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय,
पंतनगर जनपद उधम सिंह नगर (उत्तराखण्ड)






*सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति वाहन चालकों को जागरूक करते छात्र–छात्राएं।*